पाठ ३

मुल्ला का लगान

STUDY NOTES

<u>MIND MAP</u>



पाठ प्रवेश

बुद्धिमान से शक्तिशाली और बड़े से बड़े व्यक्ति को भी हराया जा सकता है । इसके लिए ठग और धूर्त कभी मत बनो । जिसके पास बुद्धि है वही बलवान है । अच्छी तरह सोचना बुद्धिमानी है और अच्छी तरह काम को पूरा करना सबसे अच्छी बुद्धिमानी है । पाठ में मुल्ला ने अपनी बुद्धिमानी और समझदारी से अपनी फ़सल का आधा भाग बादशाह के पास जाने से बचा लिया । यदि मनुष्य चाहे तो अपनी समझदारी और चालाकी से बिना किसी से झूठ बोले और फरेब किए ,बिगड़ी बात को बना सकता है।

संबंधित प्रश्न –

१. शक्तिशाली लोगों को कैसे हराया जा सकता है?
२. बुद्धिमानी किसमें है?
३. किसी भी शक्तिशाली व्यक्ति को हराने के लिए किस बात की आवश्यकता नहीं होती है?
४. बिगड़ी बात को किस प्रकार बनाया जा सकता है ?
५. पढ़े - लिखे व्यक्ति को------- और--------- से काम लेना चाहिए ।

पाठ का सार

लोककथा ' मुल्ला का लगान' में मुल्ला से फ़सल का लगान न वसूलने पर बादशाह मौलाना पर नाराज़ होते हैं। मौलाना इस साल का लगान लेने मुल्ला नसीरुद्दीन के पास बादशाह का लिखित आदेश लेकर पहुँचते हैं। यह पूछने पर कि मौलाना ज़मीन के ऊपर की आधी फ़सल लगान के तौर पर लेंगे या नीचे की, मौलाना ज़मीन के ऊपर की फ़सल लेना तय करते हैं। उस साल मुल्ला नसीरुद्दीन ने प्याज बोई थी । अतः मौलाना को कुछ हाथ न लगा । अगले साल फिर मौलाना ने समझदारी दिखाते हुए ज़मीन के नीचे की फ़सल का आधा भाग देने के लिए कहा । इस साल मुल्ला ने गेहूँ बोए थे । अतः इस बार भी मौलाना हाथ मलते रह गए ।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow